हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 21 जनवरी 2026
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

06 डायरी सिस्टम के नाम पर बिक रही शराब अवैध...




07 सावरकर चौक से तालाबपुरा तक अतिक्रमण का कहर...



## खबर संक्षेप में

### एक प्रकरण में 15 हजार की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**नलखेड़ा।** अपर कलेक्टर आरपी वर्मा ने एक प्रकरण में 15 हजार रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। जारी आदेशानुसार नलखेड़ा निवासी सुजल गायरी की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर पत्नी अनुराधा गायरी को 15 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है।

### 4 प्रयोगशालाओं में किया जा रहा जल की गुणवत्ता का परीक्षण



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में आमजन को शुद्ध, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा सीहोर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैंडपंपों एवं नल जल प्रदाय योजनाओं के स्त्रोतों में निरंतर क्लोरीनेशन का कार्य किया जा रहा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री प्रदीप सक्सेना ने बताया कि जिले में 4 उपखण्डीय प्रयोगशालाएं स्थापित हैं, जिनमें निरंतर जल नमूनों का जल परीक्षण किया जा रहा है। विगत 1 माह में 1215 जल नमूनों का परीक्षण किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त नलजल प्रदाय योजनाओं में स्थापित उच्च स्तरीय टंकियों की सफाई का कार्य भी प्रगतिरत हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकारी और तकनीकी अमला फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से भी जल का परीक्षण कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा जिले के सभी संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड निरीक्षण करने, जल स्त्रोतों की निरंतर निगरानी रखने तथा पेयजल गुणवत्ता की समय-समय पर जांच सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं।

### तापमान में 3 डिग्री की बढ़ोतरी, मावठे की बारिश के आसार

**सीहोर।** जिले में सोमवार को न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले शुक्रवार, शनिवार और रविवार को लगातार तीन दिन न्यूनतम तापमान 5.5 डिग्री सेल्सियस पर स्थिर रहा था। बीते 24 घंटे के दौरान न्यूनतम तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार, आसमान में हल्के बादल छाने शुरू हो गए हैं। यह आगामी दिनों में मावठे की संभावना का स्पष्ट संकेत है। वहीं, अधिकतम तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में राजस्व व कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश

# ई-टोकन से उर्वरक प्राप्त करने सभी किसानों की फार्मर आईडी बनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



जिले में ई-विकास प्रणाली के अंतर्गत कृषकों को ई-टोकन के माध्यम से उर्वरक वितरण की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। सभी कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने के निर्देश कलेक्टर प्रीति यादव ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री का कार्य प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में कैंप आयोजित कर पटवारियों के माध्यम से किसानों की फार्मर आईडी बनाई जाए। जिन कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री हो चुकी है, उनके सभी खसरा नम्बर को जोड़ा जाए। साथ ही किसानों को ई-टोकन के माध्यम से उर्वरक प्राप्त करने के लिए जागरूक किया जाए। बैठक में अपर कलेक्टर आर.पी. वर्मा, एसडीएम आगर मिलिंद ढोके, डिप्टी कलेक्टर प्रेमनारायण परमार, किरण बरबड़े, कमल मंडलोई सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने बैठक में सभी विभागों की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि किसी भी विभाग का परफॉर्मेंस निम्न स्तर का न रहे। सभी विभाग अपने-अपने पोर्टलों पर नियमित एवं समयबद्ध प्रविष्टियां सुनिश्चित करें। संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने नगरीय निकायों के वार्डों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में डोर-टू-डोर सर्वे कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। सर्वे के दौरान प्राप्त आवेदनों को संबंधित पोर्टल पर दर्ज कर और समय-सीमा में निराकरण करें। जिन विभागों से संबंधित योजनाएं हैं, वे बेहतर कार्य करते हुए शत-प्रतिशत सैचुरेशन सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि विभागीय योजनाओं एवं अभियानों में जिला बॉटम रैंक में नहीं रहना चाहिए, अन्यथा संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने शिकायतों का उच्च गुणवत्ता के साथ संतोषजनक निराकरण करने के निर्देश दिए। जिन विभागों की निराकरण स्थिति कमजोर है, वे सुधार कर ह्यएह्ल ग्रेड में आने के लिए विशेष प्रयास करें। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाईन निरकरण में निम्न परफार्मेंस वाले विभागों के अधिकारियों को ग्रेडिंग आने से पूर्व स्थिति सुधारने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व विभाग की समीक्षा कर अक्टूबर 2025 से पूर्व के लम्बित नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन के प्रकरणों को 26 जनवरी से पूर्व शत-प्रतिशत निराकरण करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने समग्र ई-केवायसी की समीक्षा कर जनपद आगर की प्रगति पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने जनपद सीईओ को कार्य गति देकर पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समय-सीमा पत्रों का जवाब समय पर दर्ज करने, विभागीय पत्रों को ई-ऑफिस के माध्यम से भेजने के निर्देश दिए।

# पीतांबरा सिद्धपीठ पर गुप्त नवरात्रि में उमड़ रहा श्रद्धा का सैलाब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा





माघ मास की गुप्त नवरात्रि में सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर श्रद्धा का सैलाब उमड़ता दिखाई दे रहा है। गुप्त नवरात्रि के दूसरे दिन मंगलवार को मां बगलामुखी मंदिर पर प्रातःकाल से ही दर्शनार्थ भक्तों की कतारें लगना प्रारंभ हो गई थी जोकि दिनभर लगी रही। मंगलवार को बड़ी संख्या में दर्शनार्थी मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे जिनमें से कई श्रद्धालुओं द्वारा दर्शन उपरांत अपनी मनोकामना को लेकर हवन अनुष्ठान भी किये गए।

### दोनों समय आरती में उमड़ रहे श्रद्धालु

गुप्त नवरात्रि में मां बगलामुखी की मंगलाआरती एवं संध्याकालीन आरती में श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। ढोल नगाड़े घंटे घड़ियाल के साथ होने वाली माता रानी की आरती में भक्त भक्ति में डूबकर झूमने लगते हैं। आरती के बाद मंदिर परिसर देर तक माता के जयकारों से गूंज रहा है।

### राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों का नगर में किया स्वागत

# शिवाजी चौराहा से जायसवाल कॉलोनी तक निकला विजय चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

दिल्ली में आयोजित 12वीं राष्ट्रीय तांग सू डो (कोरियन कराते) प्रतियोगिता में पदक प्राप्त कर लौटे नगर के होनहार खिलाड़ियों का स्वागत किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश एवं नगर का नाम रोशन करने वाले इन खिलाड़ियों के सम्मान में शिवाजी चौराहा पर स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कमला सागर विद्यालय परिवार, खिलाड़ियों के परिजन, इष्टमित्रों एवं खेल प्रेमियों द्वारा पुष्पमालाओं, आतिशबाजी एवं मिठाइयों के साथ खिलाड़ियों का जोरदार अभिनंदन किया गया। शिवाजी चौराहा से लेकर जायसवाल कॉलोनी तक एक भव्य विजय चल समारोह निकाला गया, जिसमें नगरवासियों ने स्थान-स्थान पर खिलाड़ियों का स्वागत कर उनका उत्साहवर्धन किया।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ियों ने 2 रजत एवं 3 कांस्य पदक अर्जित किए, जिनमे सौम्या बैरागी, कुंदन सिंह खींची ने रजत पदक एवं वैभव परिहार, दैव्यांश सोनी, सार्थक चौरसिया ने कांस्य पदक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की। वहीं जूनियर बॉयज़ कैटेगरी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बेस्ट फाइटर अवार्ड जीतकर दैव्यांश सोनी ने नगर को विशेष गौरव दिलाया। चल समारोह के बाद दैव्यांश सोनी एवं सार्थक चौरसिया के परिवारजनों द्वारा सभी पदक विजेता खिलाड़ियों एवं विद्यालय के संचालक दिलीप तांतेड़ का सम्मान किया गया। इस अवसर पर अतिथियों एवं उपस्थित जनों के लिए स्वल्पाहार का आयोजन भी किया गया।

विद्यालय संचालक दिलीप तांतेड़ ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, अनुशासन, नियमित अभ्यास एवं प्रशिक्षकों में मध्यप्रदेश तांग सु डो स्पोर्ट्स डेवलपमेंट एसोसिएशन के सचिव सेंसाईं कपिल खरे, तांग सु डो एसोसिएशन ऑफ आगर मालवा के सचिव व कोच सेंसाईं शुभम भिलाला के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को उज्ज्वल खेल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।


### नगर पालिका अध्यक्ष ने दी 15 लाख से अधिक की सौगात

**सीहोर।** शहर को स्मार्ट सिटी के तर्ज पर विकसित करने के लिए करोड़ों रुपए के निर्माण कार्य कराए गए है और जहां पर भी आवश्यकता होती है, वहां पर क्षेत्रवासियों की अपेक्षा के अनुसार निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने 15 लाख से अधिक के तीन निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। इस मौके पर वार्ड क्रमांक चार के पार्षद राजेश मांझी ने बताया कि क्षेत्र का विकास वर्तमान नगर परिषद में तेजी से किया गया है। हमारे नपाध्यक्ष द्वारा वार्ड में आने वाली जल भराव की समस्या के लिए 3 लाख 20 हजार से नाली निर्माण कार्य किया है। वहीं साढ़े 13 लाख की लागत से डामरीकरण और सीसी रोड का निर्माण किया जा रहा है।

### हवन - पूजन के साथ होंगे धार्मिक कार्यक्रम

# वसंत उत्सव पर जैन मंदिर शिखर पर चढ़ाई जाएगी नूतन ध्वजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा





नगर में वसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर जैन समाज द्वारा मंदिर शिखर पर नूतन ध्वजा चढ़ाई जाएगी, वहीं नगर के विभिन्न मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन कर वसंत का स्वागत किया जाएगा।

23 जनवरी को वसंतोत्सव पर्व पर स्थानीय चंदाप्रभु जैन श्वे. मंदिर में मणिभद्र वीर हवन एवं ज्ञान की देवी सरस्वती माता के जन्मदिन पर धार्मिक कार्यक्रम होंगे। लाभार्थी बडेरा परिवार की ओर से परमात्मा की सत्तरभेदी पूजन का कार्यक्रम प्रातः 10:30 बजे होगा। इसके पूर्व तपागच्छ के अधिष्ठायक देव श्री माणिभद्र वीर का हवन-पूजन विधि-विधान व मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न करवाया जाएगा। विजय मुहूर्त में मंदिर शिखर पर विधिविधान व मंत्रोच्चार के साथ कैलाशचंद्र मनोजकुमार, संजयकुमार बडेरा परिवार द्वारा नूतन ध्वजा चढ़ाई जाएगी एवं सभी को केसरिया रंग लगाकर प्रभावना वितरण की जाएगी। इसके पूर्व मंदिर से बैंड बाजों के साथ नूतन ध्वजा का चल समारोह मुख्य मार्गो से निकाला जाएगा। जिसमें समाजजनों के साथ लाभार्थी परिवार सिर पर ध्वजा धारण कर शामिल रहेंगे। वसंत पंचमी को ही स्थानीय श्री सुपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में भी धार्मिक कार्यक्रम के साथ मंदिर शिखर पर समाजजनों द्वारा नूतन ध्वजा चढ़ाई जाएगी।

# गोशालाओं का अवलोकन कर किया गोपूजन



**नलखेड़ा।** ग्राम सेमली में स्थित गोशालाओं का अवलोकन कर भाजपा नेताओं द्वारा गोपूजन किया गया। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा, जिला मंत्री पवन वेदिया, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, भाजयूमो जिला अध्यक्ष प्रवेश गुप्ता, पार्षद गोवर्धन वेदिया सहित कई भाजपा नेताओं ने ग्राम सेमली में स्थित गोविंद गोशाला एवं ज्ञानेश्वर गोशाला का अवलोकन कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर उनके द्वारा गोशाला में गोपूजन भी किया गया। इस मौके पर ग्राम पंचायत सेमली के सरपंच पप्पू कुमार धाकड़, भाजपा नेता मनोहर धाकड़ सहित कई ग्रामवासी उपस्थित थे।

# महाशिवरात्रि पर निकलेगी शिव बारात, बैठक में राजीव गुजराती नियुक्त किए समिति के अध्यक्ष



**सीहोर।** शिव बारात आयोजन को लेकर छीपापुरा कस्बा में स्थित राजूखत्री के निवास पर बैठक का आयोजन किया गया। नगर पुरोहित पृथ्वी बल्लभ दुबे के द्वारा बैठक की अध्यक्षता की गई। आयोजन समिति के प्रमुख सरंक्षक गौरव सन्नी महाजन, कमलेश अग्रवाल,शिव बारात आयोजन के संस्थापक लोकेश सोनी की विशेष उपास्थिति रही।

सर्वसहमति से शिव बारात आयोजन समिति अध्यक्ष राजीव गुजराती और उपाध्यक्ष मनोज शर्मा,यश अग्रवाल एवं संयोजक राजेश राय चल समारोह प्रभारी ऋषि सोनी और यश यादव को मनोनित किया गया। बैठक का संचालन सेवा यादव एवं कमलकिशौर गौतम के द्वारा आभार व्यक्त किया गया। मनोनित पदाधिकारियों को समस्त सदस्यों के द्वारा फूल मालाऐं पहनाकर स्वागत कर शुभकामनाऐं दी गई। आयोजन को भव्यता प्रदान करने के लिए सभी वरिष्ठजनों ने अपने विचार प्रकट किए। अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि बीते वर्ष से भी अधिक भव्यता शिव बारात में इस वर्ष नागरिकों को देखने को मिलेगी। समिति उपाध्यक्ष मनोज शर्मा ने कहा कि इस वर्ष इतिहासिक बाबा शिव की बारात सभी के सहायोग से निकाली जाएगी। संयोजक राजेश राय ने बताया कि बारात में प्रदेश की झांकियां शामिल रहेंगी और अनेक कलाकार शिव बारात में अपनी उपस्थिति दर्ज कराऐंगे। बैठक में सूनील दुबे, गोपाल खत्री, हेमंत वर्मा, राजू खत्री, रवि खत्री, रमेश गुप्ता भगत तोमर, सुनील भावसार, दिनेश चावड़ा, विवेक राठौर,सुधीर सोनी, मांगीलाल मालवीय, आकाश तिवारी, विक्की भावसार, लवकुश, कृष्णा, कालू यादव,तनिश त्यागी, हरिओम सिसोदिया, अक्षत सेंगर, अनुभव सेन, मोनू शर्मा, विक्की विश्वकर्मा, मनीष मेवाड़ा, अभिशेष लोधी, सुभव त्यांगी, राहुल कुशवाहा दीपक व्रिश्वकर्मा, सूनू विश्वकर्मा, दिव्यांश मालवीय, रोहित बाबा, लक्की, हरमेश रावल, रवि यादव, धमेंद्र नामदेव, अनुज, शुभम आदि सदस्य उपस्थित रहे।

### प्राचार्य बीना जे कुरियन बोलीं: छात्रों की मेहनत व समर्पण का परिणाम है

# कराते व सेल्फ डिफेंस में द ऑक्सफोर्ड स्कूल के दो छात्रों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर






स्थानीय दि ऑक्सफोर्ड हा.से. स्कूल के 2 विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक प्राप्त कर, सीहोर जिला एवं मध्यप्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है।

विद्यालय के कक्षा 11वीं के छात्र भावेश परमार ने छठी टीएसआरकेकेओआई नेशनल कराटे चैम्पियनशिप 2026 में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता, वहीं कक्षा 11वीं की ही छात्रा आरोही पराशर ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक हासिल किया। यह प्रतिष्ठित राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता सेल्फ डिफेन्स वर्धा डिस्ट्रिक्ट मार्शल आर्ट कराटे एसोसिएशन, वर्धा द्वारा आयोजित की गई थी, जिसमें देशभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने सहभागिता की। इस शानदार प्रदर्शन के आधार पर दोनों खिलाड़ियों का चयन आगामी दिनो नेपाल में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता के लिए किया गया है। इस उल्लेखनीय सफलता में विद्यालय के कराटे कोच लखन ठाकुर का विशेष योगदान रहा, जिनके कुशल मार्गदर्शन, निरंतर प्रशिक्षण एवं प्रेरणा से विद्यार्थियों ने यह मुकाम हासिल किया। प्राचार्या डॉ. बीना जे. कुरियन ने कहा कि खिलाड़ियों की यह सफलता उनकी कठोर मेहनत, अनुशासन तथा खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है और भविष्य में वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी देश का नाम रोशन करेंगे। इस उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमैन एड. जॉली कुरियन, प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन, जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर, जिला खेल अधिकारी अत्ताउल्लाह खान, शास. आवासीय खेलकूद संस्थान सीहोर प्राचार्य आलोक शर्मा, स्पोर्ट्स शिक्षक सुमित शर्मा एवं विद्यार्थियों ने हार्दिक बधाई दी।

### 173 स्वीकृत मामलों में पहली किश्त भी नहीं, 8-10 महीने से फाइलें अटकी

**सीहोर।** जिले में दलित और आदिवासी समुदायों के खिलाफ अत्याचार के मामलों में पीड़ितों को राहत राशि के लिए महीनों से भटकना पड़ रहा है। जिले में अनुसूचित जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत स्वीकृत 173 प्रकरणों में पीड़ितों को अभी तक पहली किश्त भी नहीं मिल पाई है। जानकारी के अनुसार, इन लंबित प्रकरणों में से कई 8 से 10 महीने पुराने हैं, जबकि कुछ तो एक साल से भी अधिक समय से लंबित हैं। नियमानुसार, राहत राशि तीन चरणों में दी जाती हैः पहली किश्त एफआईआर दर्ज होने के बाद, दूसरी किश्त चालान पेश होने के बाद और तीसरी किश्त अदालत के फैसले के बाद। हालांकि, सीहोर में कई पीड़ितों को पहली किश्त भी नहीं मिली है। अत्याचार के शिकार कई दलित और आदिवासी आर्थिक रूप से कमजोर हैं। राहत राशि के अभाव में उन्हें गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले पीड़ित और महिला पीड़ित भी जानकारी के लिए विभाग के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। इस संबंध में आदिम जाति विभाग के संयोजक एके कुशवाह ने बताया कि स्वीकृत प्रकरणों के लिए राहत राशि की मांग का पत्र आदिवासी विकास आयुक्त कार्यालय भेजा गया है। विभाग ने कुल दो करोड़ रुपए की राहत राशि की मांग की।

**खबर संक्षेप**

## आयुक्त ने समीक्षा कर समय-सीमा में निराकरण के दिए निर्देश



**देवास।** समयावधी पत्रों व कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक आयुक्त दलीप कुमार ने की। समीक्षा बैठक के दौरान निगम लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत किए जा रहे कम्पाउंडिंग के कार्यो मे प्रगति नही होने से आयुक्त नें अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए उपयंत्रियों को कार्य मे प्रगति लाने हेतु कहा। साथ ही एबी रोड पर पार्किंग व्यवस्था सुधार के लिए व्यवसायिक मॉल, प्रतिष्ठानों में नीचे बेसमेंट मे पार्किंग नही है या बेसमेंट मे दुकानों का निर्माण किया गया है उनको सूचना पत्र दिये जाने के निर्देश दिए गए। आवारा मवेशियों एवं स्वानों को पकडने के कार्य को निरंतर जारी रखने के निर्देश भी दिए। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना पर चर्चा कर विस्तृत जानकारी ली गई। हितग्राहियों को योजनान्तर्गत दिए जा रहे लोन अन्तर्गत लक्ष्य पूर्ति हेतु आवेदन करवाए ताकि लक्ष्य पूरा किया जा सके। अवैध से वैध नल कनेक्शनों की जानकारी लेते हुए कार्य मे प्रगति के लिये उपयंत्रियों को कहा। सिवरेज कनेक्शन अधिक से अधिक कराने एवं जिन रहवासियों के द्वारा सिवरेज कनेक्शन करवा लिए है ओर रजिस्ट्रेशन नही करवाया है उनका चयन कर रसिद बनवाए जाने तथा कचरा संग्रहण शुल्क की वसुली मे प्रगति लाने के निर्देश दिए। ईवी चार्जिंग पाईंट स्थान चयन पर चर्चा की। बैठक में मैरिज गार्डनों से निकलने वाले गंदे पानी की निकासी की मौका निरीक्षण के निर्देश दिये।

### कांग्रेस ने शहर में गली-गली बिक रही अवैध शराब के विरोध में किया प्रदर्शन

# डायरी सिस्टम के नाम पर बिक रही शराब अवैध अहाते खुलेआम हो रहे संचालितः गौड़

प्रतीकात्मक प्रदर्शन के दौरान राहगीरों को भी दी शराब की खाली बोतले।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कांग्रेस ने शहर में गली गली बिक रही अवैध शराब के विरोध में मंगलवार को अनोखा प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसी शराब की खाली बोतलों को ठेले पर रखकर शहर में घूमते नजर आए। शराब की बोतलों रखे ठेले को लेकर नावेल्टी चौराहे से शहर से मुख्य मार्ग एमजी रोड़ से गुजरे। प्रतीकात्मक प्रदर्शन में शराब की खाली बोतलों को राहगीरों को भी दी गई। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसी शराब ले लो के नारे लगाते नजर आए। दरअसल मंगलवार शाम कांग्रेस द्वारा जितेंद्र सिंह गौड के नेतृत्व में आबकारी विभाग के विरुद्ध अनोखा विरोध प्रदर्शन किया गया। कांग्रेसजनो ने शहर के मुख्य मार्ग एम जी रोड से सयाजी द्वार तक हाथ गाड़ी पर शराब की खाली बोतले रख घर घर बाट कर विरोध दर्ज किया।देवास में अवैध शराब कारोबार पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रहे आबकारी विभाग के खिलाफ कांग्रेस ने मोर्चा खोला। शहर के नावेल्टी चौराहे पर युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह गौड़ के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ऐसा अनोखा और प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया, जिसने पूरे प्रशासन को कटघरे में खड़ा कर दिया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ठेले पर शराब की बोतलें रखकर यह साफ संदेश दिया कि जब विभाग खुद कार्रवाई नहीं कर रहा, तो अवैध शराब अब सड़कों पर खुलेआम बिकेगी। यह प्रदर्शन आबकारी विभाग की लापरवाही और कथित मिलीभगत के खिलाफ सीधा आरोप माना जा रहा है। जितेंद्र सिंह गौड़ ने दो टूक कहा कि युवा कांग्रेस ने 10–15 दिन पहले आबकारी विभाग को ज्ञापन देकर शहर में फल-फूल रहे अवैध शराब कारोबार की पूरी जानकारी दी थी। उन्होंने




बताया कि कई इलाकों में "डायरी सिस्टम" के नाम पर शराब बेची जा रही है और शराब दुकानों के आसपास अवैध अहाते खुलेआम संचालित हो रहे हैं, लेकिन विभाग ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। गौड़ ने आरोप लगाया कि आबकारी विभाग की इस लापरवाही का खामियाजा युवा पीढ़ी और आम जनता भुगत रही है। गली–मोहल्लों में शराब की आसान उपलब्धता समाज को खोखला कर रही है, और विभाग आंख मूंदे बैठा है। युवा कांग्रेस ने साफ शब्दों में मांग की है कि शराब दुकानों के पास बने सभी अवैध अहाते तुरंत बंद किए जाएँ, शहर में चल रहे डायरी सिस्टम पर सख्त रोक लगे,अवैध शराब बेचने वालों और संरक्षण देने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई हो। जितेंद्र सिंह गौड़ ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आबकारी विभाग ने जल्द और प्रभावी कदम नहीं उठाए, तो कांग्रेस पार्टी और भी बड़े, रचनात्मक और उग्र आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी। आबकारी विभाग के सौजन्य से बेनर बना कर ठेला गाड़ी पर शराब की खाली बोतल रखकर शराब लेलो जैसे नारे कांग्रेस कार्यकर्ताओ द्वारा लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया। युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र सिंह गौड़ द्वारा बताया गया कि देवास शहर में आबकारी विभाग आंख मूंद कर बैठा है। देवास में आबकारी विभाग द्वारा डायरी सिस्टम चालू किया गया जिससे कि देवास में गली-गली में दारू मिल रही है और बताया गया कि अभी भी शराब की दुकानों के पास अहाते चल रहे हैं जो की सरकार द्वारा प्रतिबंधित कर दिए गए है फिर भी आबकारी द्वारा आज के इस प्रदर्शन ने साफ कर दिया है कि अब आबकारी विभाग की चुप्पी नहीं चलेगी, और अवैध शराब के खिलाफ लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ी जाएगी।इस अवसर पर मनीष चौधरी,प्रयास गौतम,मनोज राजानी,ज्ञानसिंह दरबार,हर्षप्रताप सिंह गौड़,दिलीप सिंह,नीरज नागर,ईशान राणा,रूपेश कल्याणे,प्रतीक शास्त्री,सुजीत संगते,कल्याण दरबार ,रितेश त्रिपाठी, हफीज घोसी, चिंटू धारू, जाहिद पठान,राहुल पंवार,राजेश राठौर,रोशन रायकवार,नरेंद्र सिंह पंवार,नरेश बैरागी,मोहित राठौर,हर्ष राठौर,मोहित सिंह राठौर, यशवंत कुशवाहा, श्रीकांत चौहान,रोहित डांगी,अजय राठौर, प्रिंस, असलम, अजय राठौर आदि उपस्थित थे। जानकारी बंटू जायसवाल ने दी । प्रदर्शन में शहर कांग्रेस, जिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेसी जितेंद्र गौड़ ने बताया कि पूर्व में हमारे द्वारा किया गए गए प्रदर्शन के बावजूद भी आबकारी विभाग समझने को तैयार नहीं ही अवैध अहाते, डायरी सिस्टम पर दारू बेचना अभी भी जारी है।



# हाई वोल्टेज 33 केवी लाइन के कारण हो रहे हादसे नहीं सुन रहा विद्युत विभाग

### जनसुनवाई में की लाइन हटाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर के वार्ड क्रमांक 43 स्थित नई आबादी क्षेत्र बालगढ़ में वर्षों से बंद पड़ी 33 केवी विद्युत लाइनें और उनके जर्जर पोल अब जानलेवा साबित हो रहे हैं। इन लाइनों के कारण क्षेत्र में लगातार हादसों का खतरा बना हुआ है, लेकिन बिजली कंपनी की लापरवाही अब तक दूर नहीं हुई है।

स्थानीय रहवासियों ने देवास अपर कलेक्टर को जनसुनवाई में आवेदन देकर बताया कि चामुंडा स्टेंडर्ड मिल्स उद्योग से जुड़ी यह 33 केवी विद्युत लाइन कई वर्षों से अनुपयोगी पड़ी है। इसके बावजूद विद्युत पोल और तार अब भी आबादी क्षेत्र में मौजूद हैं, जो कई घरों की छतों के ऊपर से गुजर रहे हैं।रहवासियों के अनुसार, 30 नवंबर 2025 को इसी जर्जर बिजली पोल में करंट फैलने से बालगढ़ निवासी छात्र आरव गुर्जर की पिछले दिनों मौत हो गई थी। हाल ही में दो दिन पूर्व फिर से मकानों की छतों पर करंट फैलने की घटना सामने आई, जिससे क्षेत्र में भय का माहौल है।डर और असुरक्षा के कारण क्षेत्र के दो से तीन परिवार अपने मकान बेचकर वहां से पलायन करने को मजबूर हो चुके हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद विद्युत कंपनी ने न तो बंद पड़ी लाइनों को हटाया और न ही कोई ठोस सुरक्षा व्यवस्था की।

रहवासियों ने पार्षद राजा अकोदिया और पूर्व पार्षद अर्जुन चौधरी के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर प्रशासन से मांग की है कि जनहित और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इन 33 केवी विद्युत लाइनों और पोलों को तत्काल हटाया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी किसी त्रासदी का सामना न करना पड़े।

## तेज रफ्तार बस की टक्कर से पलटी वेन




**देवास।** एबी रोड़ स्थित अमोना चौराहे पर एक तेज रफ्तार बस ने मंगलवार दोपहर मारुति वैन को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन सड़क पर तीन पलटी खा गई। इस हादसे में वैन चालक अनिल प्रजापति (निवासी अचलूखेड़ी) के पैर में चोट आई है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ओम साईं राम बस का चालक कुंदन (निवासी देवास) नशे की हालत में था। बस में लगभग 40 यात्री सवार थे, हालांकि किसी को गंभीर चोट नहीं आई। हादसे के बाद मौके पर मौजूद आक्रोशित लोगों ने बस चालक की पिटाई कर दी। बाद में लोगों ने नशे में धुत बस चालक के खिलाफ औद्योगिक पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। यह भी बताया जा रहा है कि पिछले दिनों बाईपास पर एक महिला की मौत जिस बस से हुई थी, वह भी ओम साईं राम नाम की ही बस थी।

# उज्जैन रोड ब्रिज पर ट्रैफिक अव्यवस्थाओं को लेकर एसपी कार्यालय में दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



उज्जैन रोड ब्रिज पर स्कूलों के समय सुबह एवं दोपहर दोनों वक्त उत्पन्न हो रही ट्रैफिक अव्यवस्थाओं को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में नाबालिग बच्चों द्वारा दोपहिया व चारपहिया वाहन चलाने, बड़े वाहनों की आवाजाही, तथा उज्जैन–देवास बसों के अनियंत्रित स्टॉपेज और तेज रफ्तार पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि उज्जैन रोड पर स्कूलों की छुट्टी और सुबह के समय अत्यधिक ट्रैफिक दबाव रहता है, जिससे आए दिन जाम की स्थिति बनती है और आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार यह भी देखा गया है कि नाबालिग बच्चे, जिनके पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं है, वे दोपहिया व चारपहिया वाहनों से स्कूल आते-जाते हैं, जो न केवल नियमों का उल्लंघन है बल्कि दुर्घटनाओं को भी आमंत्रण देता है। इस संबंध में मांग की गई है कि उक्त क्षेत्र में यातायात पुलिस जवानों की नियमित तैनाती की जाए, ताकि ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु किया जा सके। साथ ही स्कूल संचालकों को निर्देशित किया जाए कि वे नाबालिग या बिना लाइसेंस वाले बच्चों को वाहन से स्कूल आने से रोकें। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए स्कूल समय में बड़े वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया जाए। उज्जैन–देवास मार्ग की बसों के लिए निश्चित स्टॉपेज तय किए जाएं और बसों को केवल उन्हीं स्थानों पर रोका जाए, जिससे जगह-जगह बस रुकने से होने वाला ट्रैफिक जाम रोका जा सके। इसके अलावा रहवासी क्षेत्रों में बसों की गति सीमा तय करने की भी मांग की गई है, क्योंकि सवारियों के लिए बसें अक्सर तेज रफ्तार में चलाई जाती हैं। इस दौरान डॉ रितेश शर्मा, रितेश सोनी, रवि देवड़ा, लोकेश सांखला, विजय मकवाना, राहुल शर्मा, मोहित पांचाल, सुरेंद्र पाटीदार, सचिन विश्वकर्मा, श्याम बना, सूरज बघेल आदि उपस्थित थे।

## भूमि पूजन कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक

**चापडा।** पाटीदार समाज संगठन के तत्वाधान में श्री वासुदेव परिसर, प्रदेश कार्यालय का भव्य भूमि पूजन उज्जैन में आयोजित होना है जिसको लेकर पाटीदार समाज संगठन व्दारा जिले के सभी सामाजिक गांवों में पहुंच कर सामाजिक बैठक आयोजित कर निमंत्रण दिया जा रहा है।पाटीदार समाज संगठन जिला महामंत्री शिवप्रसाद पाटीदार ने बताया कि मुख्यमंत्री मोहन यादव कि उपस्थिति में 25 जनवरी को उज्जैन में कार्यक्रम आयोजित होगा।

# पीएम श्री स्कूल के विद्यार्थियों ने की एक्सपोजर विजिट

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कमलापुर के विद्यार्थियों ने शासकीय जीवाजी वेधशाला उज्जैन की एक्सपोजर विजिट (शैक्षणिक भ्रमण) की। प्रभारी प्राचार्य अनंत नागर ने रविवार को इस यात्रा के लिए बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । कुल 370 संपूर्ण विद्यालयीन स्टाफ में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थी शामिल थे । विद्यार्थियों ने शासकीय जीवाजी वेधशाला पहुंचकर प्रमुख पांच यंत्रों शंकु यंत्र, दिगंश यंत्र, नाड़ी वलय यंत्र, भित्ति यंत्र, सम्राट यंत्र आदि का अवलोकन किया एवं उनकी कार्य विधि को समझा जिनके माध्यम से खगोलीय घटनाओं, सूर्य, ग्रहों, नक्षत्रों, राशियों की स्थिति, काल गणना, मौसम और जलवायु संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल की। विद्यार्थियों ने विक्रमादित्य वैदिक घड़ी के द्वारा समय गणना के बारे में जाना। वेधशाला के पश्चात महाकाल लोक का भ्रमण कराया गया । इस अवसर पर विद्यालय स्टॉफ के महेशचंद्र बिंजवा, अमृता रघुवंशी, उर्वशी तिवारी, इंदर सिंह लिलोरिया, नसरीन खान, सीताराम मालवीय, रामचंद्र जाट, कैलाश कारपेंटर, पंकज पाटीदार, अरविंद वैष्णव, दीपिका तिवारी,अनीता गोस्वामी, ज्योति जाट, दिनेश विश्वकर्मा रूपाली सेंधव आदि उपस्थित थे।

### अपराधों पर रोकथाम करने देवास पुलिस का एसबीआई ने किया सहयोग

# ऑपरेशन त्रिनेत्रम में स्टैट बैंक ऑफ इंडिया बना भागीदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मुख्यमंत्री मोहन यादव की मंशानुरूप एवं पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक महोदय उज्जैन ज़ोन उमेश जोगा एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक उज्जैन रेंज नवनीत भसीन द्वारा अपराधों की रोकथाम एवं उनके त्वरित निराकरण को सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से अधिक से अधिक सीसीटीव्ही कैमरा स्थापित करने हेतु सभी जिला पुलिस इकाइयों को निर्देशित किया गया है ।पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के द्वारा "ऑपरेशन त्रिनेत्रम" प्रारंभ किया गया है।

जिसके अंतर्गत जिला पुलिस द्वारा लगातार जिलेवासियों को स्वेच्छापूर्वक अधिक से अधिक सीसीटीव्ही कैमरा स्थापित करने हेतु अभिप्रेरित किया जा रहा है। ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत जनता ने व्यापक समर्थन किया जिसके चलते अब तक ज़िले में लगभग 04 करोड़ रुपये के कुल 9685 सीसीटीव्ही कैमरा स्थापित किए जा चुके हैं । नव वर्ष मे इसको और उचाईयां देने के लिये विभिन्न संस्थाओं का निरंतर समर्थन प्राप्त हो रहा है। इसी तारतम्य में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने ऑपरेशन त्रिनेत्रम में भागीदारी करते हुए पुलिस विभाग को लगभग 5 लाख राशि के सीसीटीव्ही कैमरे भेंट किए हैं। नव वर्ष में इस अभियान को और अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए विभिन्न संस्थाएं आगे आ रही हैं। इसी तारतम्य में एसबीआई के जनरल मैनेजर द्वारा पुलिस अधीक्षक देवास से सौजन्य भेंट की गई, जिसमें एसबीआई की संपूर्ण टीम भी उपस्थित रही। इस अवसर पर बैंक की ओर से ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत सीसीटीव्ही कैमरे पुलिस विभाग को भेंट किए गए।पुलिस विभाग द्वारा इन कैमरों को सुरक्षा ऑडिट के आधार पर देवास शहर के विभिन्न संवेदनशील एवं आवश्यक स्थानों पर स्थापित किया जाएगा। इन सभी कैमरों का लाइव फीड पुलिस कंट्रोल रूम से जोड़ा जाएगा, जिससे निगरानी व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा भविष्य में अपराधों के त्वरित निराकरण में यह कैमरे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक देवास ने एसबीआई के महाप्रबंधक कुंदन ज्योति भारतीय स्टेट बैंक भोपाल,क्षेत्रीय प्रबंधक बिजय नाथ मिश्रा क्षेत्रीय कार्यालय देवास, शाखा प्रबंधक पूर्ति अमित जैन मुख्य शाखा प्रबंधक देवास एवं उनकी पूरी टीम को कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने में सहभागी बनने पर आभार व्यक्त किया तथा इस सहयोग को समाज एवं सुरक्षा के हित में एक सराहनीय पहल बताया।



# सुबह 4 बजे से आरटीओ ने स्लीपर बसों की जांच कर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा




मंगलवार तड़के 4 बजे परिवहन विभाग द्वारा लंबी दूरी की स्लीपर बसों का निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों को जांचा गया। साथ ही वैधानिक कागजों का परीक्षण भी किया गया। पिछले दिनों राजस्थान में हुई एक स्लीपर बस मे आग जनी की घटना के बाद से ही देवास जिले में कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार परिवहन विभाग द्वारा लगातार जांच कर कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान के मार्गदर्शन में परिवहन उपनिरीक्षक मीनाक्षी गोखले एवं उनके दल द्वारा स्लीपर यात्री बसों में सुरक्षा मानकों की जांच के लिए विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। जांच कर्रवाई में जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान द्वारा मंगलवार अलसुबह 4:00 बजे से ही देवास भोपाल फोरलेन भौरासा टोल टैक्स के समीप स्लीपर कोच यात्री बसों को रोककर जांच की गई। जांच के दौरान शासन द्वारा स्लीपर बसों के लिए निर्धारित किए गए मापदंडों की जांच की गई। परिवहन अधिकारी द्वारा सख्ती से स्लीपर बसों पर कार्रवाई करते हुए बसों में अग्निशमन यंत्र आपातकालीन द्वार, पार्टीशन गेट, स्लाइडर पैनिक बटन इत्यादि की जांच की गई। इस दौरान जिन वाहनों में चालक सीट के पीछे पार्टीशन गेट पाया गया उन्हें तत्काल मौके पर निकाला गया। आरटीओ कार्रवाई की खबर बस वालों को लगते ही कार्रवाई से बचने बसे देवास भोपाल का रोड छोडकर भौरासा नगर के अन्दर गांव में से निकल कर जाने लगी। जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान ने बताया कि चेकिंग के दौरान 45 से बसों को चेक किया गया और लगभग 65 हजार के चालान बनाए गए।

## खबर संक्षेप

### जखौरा पुलिस ने आत्महत्या के दुष्प्रेरण के दो अभियुक्त पकड़े

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में, एएसपी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में जखौरा पुलिस द्वारा पंजीकृत मु.अ.सं. 15/2026 धारा 108 बीएनएस में नामजद थाना पाली के ग्राम डुगरिया व हाल जैरवारा निवासी रतिराम सहरिया पुत्र सुकलाल व अवधरानी उर्फ आलोप पत्नी रतिराम सहरिया को हिरासत में लिया है। दोनों को पकडऩे वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार बैस, निरीक्षक मुनेश भारती, उ.नि.मूलचन्द्र यादव, हे.का.सतीश कुमार, म.हे.का.जागृती आदि मौजूद रहे।

### 26 जनवरी को मनाया जाएगा विराट हिन्दू सम्मेलन

**ललितपुर।** विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित करने के संबंध में शिवाजी बस्ती की बृहद बैठक प्रांत कार्यवाह रामकेश के मुख्य आतिथ्य में एवं कार्यक्रम संयोजक कौशल किशोर गोस्वामी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। प्रान्त कार्यवाह ने विराट हिन्दू सम्मेलन को मनाने की पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में जिला व्यवस्थापक प्रताप नारायण गुप्ता, जिला समरसता प्रमुख रमेश सिंह एड., नगर कार्यवाह रामकुमार, नगर बौद्धिक प्रमुख इन्दर सिंह, नगर सहशारीरिक प्रमुख हर्ष नामदेव, बस्ती प्रमुख विकास गुप्ता, भरत पुरोहित, छक्कीलाल साहू, रविंद्र कुमार जैन, किशन मुनीम साहब, छोटू साहू, आकाश सेन, नीरज तिवारी, युवराज सिंह बुंदेला आदि समाज सेवी उपस्थित रहे।

### बबूल का पेड़ काटने से मना करने पर मारपीट

**ललितपुर।** घर के सामने लगे बबूल के पेड़ को काटने से मना करने पर गांव के कुछ लोगों ने एक युवक से मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। इस घटना को लेकर मड़ावरा थाना के ग्राम गढ़ौलीकलां निवासी रोशन पुत्र स्व.पारीक्षत पटेल ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि 18 जनवरी की सुबह 10 बजे पड़ौसी अशोक कुमार पुत्र सालिकराम, कपिल पुत्र अशोक कुमार, सोबरन उर्फ छोटू पुत्र अशोक कुमार, सालिकराम पुत्र लक्ष्मन पटेल एकराय होकर आये और उसके घर के सामने लगे बबूल के पेड को काटने लगे। जब उसने पेड़ काटने का विरोध किया तो उक्त लोगों ने एकराय होकर उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। आरोप है कि बचाव करने आयी उसकी मां सिरदार पत्नी स्व.पारीछत के साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी गयी।

### बाइक की टक्कर से पैर टूटा, कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ मामला

**ललितपुर।** थाना बार के ग्राम खैरा (भावनी) निवासी जुगलकिशोर पुत्र जसरथ ने सीजेएम न्यायालय में वाद दायर किया है। बताया कि 21 अगस्त 2025 को वह खैरा से पत्नी के साथ मायके मोतीखेरा पैदल जा रहा था। तभी 12 बजे ग्राम तुर्का के आगे मरदन सिंह, अमोल व उत्तम पुत्रगण जिबले एकराय होकर आये और मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 डब्ल्यु 1929 को तेजी से आया और उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पैर टूट गया, वह मौके पर बेहोश हो गया। घटना को उसकी पत्नी व अन्य लोगों ने देखा और उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे झांसी रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना एसपी के समक्ष उसने 13 अक्टूबर 2025 को दी, लेकिन कार्यवाही नहीं हुयी। पुलिस ने अब कोर्ट के आदेश पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम की तिथि घोषित

**ललितपुर।** प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अमित तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 30 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण दिवस एवं 30 जनवरी 2026 से 13 फरवरी 2026 तक स्पर्ष कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

---

फुटपाथ गायब, सड़क पर पैदल चलने को मजबूर लोग

# सावरकर चौक से तालाबपुरा तक अतिक्रमण का कहर, चलना दुश्वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

सावरकर चौक स्थित अटा मंदिर से लेकर तालाबपुरा चौराहा तक का इलाका इन दिनों अतिक्रमण की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। यह मार्ग कभी शहर की प्रमुख और सुगम सड़कों में गिना जाता था, लेकिन आज हालात ऐसे हो गए हैं कि यहां से गुजरना लोगों के लिए रोज़ की परेशानी बन चुका है। सड़क के दोनों ओर खड़ी गाडिय़ों ने फुटपाथ को पूरी तरह खत्म कर दिया है, वहीं दुकानदारों ने अपनी दुकानों से बाहर कई फीट तक अतिक्रमण कर रखा है।

नतीजा यह है कि पैदल चलने वालों के लिए कोई सुरक्षित रास्ता नहीं बचा। मजबूरन लोग सड़क के बीच से निकलते हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा हर समय बना रहता है। यह समस्या केवल असुविधा तक सीमित नहीं है, बल्कि धीरे-धीरे यह सामाजिक तनाव का कारण भी बनती जा रही है। भीड़ और तंग रास्तों के चलते आए दिन वाहन चालकों और राहगीरों के बीच कहासुनी हो जाती है, जो कई बार झगड़े में बदल जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर सुबह से शाम तक जाम की स्थिति बनी रहती है। स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ती है। एंबुलेंस और जरूरी सेवाओं के वाहनों को भी रास्ता मिलने में काफी समय लग जाता है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इतनी गंभीर स्थिति के बावजूद जिम्मेदार विभागों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। नगर पालिका और यातायात विभाग कभी-कभार औपचारिक अभियान चलाकर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान लेते हैं, लेकिन अतिक्रमण कुछ ही दिनों में फिर पहले जैसा हो जाता है। जनता में यह सवाल लगातार उठ रहा है कि आखिर कब तक इस समस्या को नजरअंदाज किया जाता रहेगा। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो यह इलाका किसी बड़ी दुर्घटना का केन्द्र बन सकता है।

**दुकानों का फैलाव और बेतरतीब पार्किंग बनी बड़ी वजह**





### पैदल यात्रियों की पीड़ा हर कदम पर खतरा

इस मार्ग से गुजरने वाले पैदल यात्रियों की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है। फुटपाथ पूरी तरह अतिक्रमण की चपेट में है, जिससे लोगों को सड़क पर चलना पड़ता है। तेज रफ्तार वाहन, ऑटो और बाइक के बीच से निकलना किसी जोखिम से कम नहीं। महिलाएं और बुजुर्ग कई बार गिरते-पड़ते नजर आते हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि शाम के समय हालात और भी बदतर हो जाते हैं, जब बाजार की भीड़ बढ़ जाती है। बच्चों को स्कूल भेजते समय अभिभावकों की चिंता दोगुनी हो जाती है। कई बार लोग वैकल्पिक रास्ते अपनाने को मजबूर होते हैं, जिससे उनका समय और ऊर्जा दोनों बर्बाद होते हैं। यह स्थिति साफ तौर पर बताती है कि अतिक्रमण ने आमजन की रोजमर्रा की जिंदगी को किस कदर प्रभावित किया है।

### सड़क पर कब्जा

अटा मंदिर से तालाबपुरा तक दुकानों के बाहर रखा सामान, ठेले और अस्थायी निर्माण सड़क को लगातार संकरा कर रहे हैं। दुकानदारों ने अपनी दुकान की सीमा से बाहर निकलकर सार्वजनिक रास्ते पर कब्जा जमा लिया है। इससे न केवल ट्रैफिक बाधित हो रहा है, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ गई है। कई दुकानदार इसे अपनी मजबूरी बताते हैं, लेकिन सवाल यह है कि इसकी कीमत आमजन क्यों चुकाए। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि सभी दुकानदार नियमों का पालन करें, तो सड़क पर काफी हद तक राहत मिल सकती है। मगर बिना सख्त कार्रवाई के हालात सुधरने की उम्मीद कम ही नजर आती है।

### प्रशासनिक उदासीनता कब मिलेगी राहत

सबसे बड़ा सवाल प्रशासन की भूमिका को लेकर है। लोगों का कहना है कि शिकायतें करने के बावजूद कोई स्थायी समाधान नहीं निकल रहा। कभी-कभार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई होती है, लेकिन कुछ ही दिनों में स्थिति फिर जस की तस हो जाती है। इससे जनता में नाराजगी बढ़ रही है। लोग यह मानने लगे हैं कि बिना सख्त और नियमित कार्रवाई के इस समस्या से निजात नहीं मिलेगी। यदि जिम्मेदार विभाग समय रहते ठोस कदम उठाएं और नियमों का कड़ाई से पालन कराएं, तो यह मार्ग फिर से सुगम बन सकता है। फिलहाल, आमजन प्रशासन की ओर उम्मीद भरी निगाहों से देख रहा है।

---

कलेक्ट्रेट पहुंच कर की नारेबाजी

# देशी और अंग्रेजी शराब की दुकानों के विरोध में महिलाओं ने किया प्रदर्शन



### डीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

ग्राम जीरोंन में संचालित देशी व अंग्रेजी शराब की दुकानों को बंद कराए जाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि शराब की दुकानों के कारण गांव का माहौल लगातार खराब हो रहा है, जिससे महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि शराब पीकर लोग गांव में उत्पात मचाते हैं। महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार, गाली-गलौज और झगड़े आम बात हो गई है। इसका सीधा असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। स्कूल आने-जाने वाले बच्चों और महिलाओं को असुरक्षा महसूस होती है। शराब की वजह से घरेलू कलह और पारिवारिक हिंसा की घटनाओं में भी बढ़ोतरी हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि शराब की दुकानें आबादी क्षेत्र के पास होने से गांव की शांति व्यवस्था पूरी तरह से प्रभावित हो रही है। शाम के समय महिलाओं का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। कई बार शराबी तत्व रास्ते में खड़े होकर छींटाकशी करते हैं, जिससे महिलाओं को मानसिक प्रताडऩा झेलनी पड़ती है। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि जनहित, महिलाओं की सुरक्षा और गांव की शांति व्यवस्था को देखते हुए ग्राम जिरोंन में संचालित देशी व अंग्रेजी शराब की दुकानों को तत्काल बंद कराया जाए अथवा उन्हें आबादी से दूर स्थानांतरित किया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को विवश होंगे। ज्ञापन पर पुष्पा, संगीता, अनीता, सरस्वती, रचना देवी, सुशीला और उर्मिला, अमित, सचिन, अभिषेक, अंकित सहित अन्य ग्रामीणों के हस्ताक्षर बताए गए।

---

## प्रो. भगवत नारायण शर्मा के निधन पर प्रेस क्लब ने दी श्रद्धांजलि

**ललितपुर।** प्रेस क्लब द्वारा एक शोक सभा का आयोजन अमर शहीद पं. गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन में किया गया। जिसमें वरिष्ठ पत्रकार सुनील शर्मा के चचेरे भाई, प्रेस क्लब के पूर्व कोषाध्यक्ष संदीप शर्मा के ताऊजी एवं बुन्देलखण्ड विकास सेना के मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ शर्मा के पिताजी एवं नेमवि पूर्व प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इसके बाद प्रेस क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्य उनके आवास पहुंचे और शोकाकुल परिवार को शोक पत्र सौंपा। इस दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू ने कहा कि प्रो. भगवत नारायण शर्मा बहुआयामी प्रतिभा धनी थे। शिक्षा और साहित्य के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। आज हमने शर्माजी के रूप में एक प्रभावशाली व्यक्तित्व को खो दिया है। जिसकी क्षतिपूर्ति होना संभव नहीं है। इस मौके पर सरंक्षक संतोष शर्मा, मंजीत सिंह सलूजा, कार्यालय प्रभारी अजित जैन भारती, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन कल्लू, कोषाध्यक्ष अमर प्रताप सिंह पाली, महामंत्री अमित सोनी, अजय बरया, विनीत चतुर्वेदी, रवि जैन चुनगी, अनूप राठौर, अभय श्रीमाली, शिब्बू राठौर, मनीष सोनी, अजितेश जैन भारती, अमित संज्ञा, रमेश रैकवार, संजय नायक, मनीष पाठक, कुन्दन पाल, अबरार अली, स्वतंत्र रिछारिया, विकास सोनी, दिव्यांश शर्मा, आशीष तिवारी, प्रदीप रिछारिया, आलोक चतुर्वेदी, सुमित रैकवार, राहुल साहू खिरिया, अनुराग बिदुआ, कृष्णकांत सोनी, यशपाल सिंह सहित अनेक प्रेस क्लब सदस्य मौजूद रहे।

## जमालपुर में पूरे परिवार पर जानलेवा हमला, महिला की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

**ललितपुर।** तालबेहट कोतवाली के ग्राम जमालपुर में रहने वाली राधा पत्नी नन्दलाल ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 18 जनवरी की शाम करीब 6 बजे वह अपने पुत्र परमानन्द पुत्र नन्दलाल, बहू नेहा के साथ घर पर थी, तभी गांव के दीपेन्द्र सिंह पुत्र गोपाल सिंह, यादवेन्द्र सिंह, रीकेन्द्र सिंह, वीकेन्द्र सिंह पुत्र शत्रुघन सिंह ठाकुर ने रंजिश के चलते अपने-अपने हाथों में लाठी-डण्डा, कुल्हाड़ी, गैस सिलेण्डर लेकर आये और घर में घुसकर तोडफ़ोड़ कर दी। विरोध करने पर उक्त लोगों ने घर को आग लगाकर सभी को जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि उक्त लोगों ने पूरे परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया, जिसमें वह चोटिल हो गयी। शोरगुल होने पर पड़ौसियों ने मौके पर आकर उसे बचाया और घायल को एम्ब्युलेंस के जरिए उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

अन्य जिलों की अपेक्षा ललितपुर में अनमेप्ड मतदातों की संख्या कम

# राजनैतिक दलों व प्रशासनिक टीम ने किया अच्छा कामः कमिश्नर

### कमिश्नर/रोल आब्जर्वर ने जिले में एसआईआर को लेकर राजनैतिक दलों व प्रशासन के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



मंडलायुक्त झांसी मंडल झांसी/रोल प्रेक्षक बिमल कुमार दुबे ने जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के साथ मंगलवार को कलैक्ट्रेट सभागार में निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के सम्बंध में जनपद के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की और एसआईआर कार्य का फीडबैक लिया। रोल प्रेक्षक ने राजनैतिक दलों एवं अधिकारियों का परिचय प्राप्त करते हुए कहा लगभग 22 वर्ष बाद एसआईआर हो रहा है, इसमें हमें मिलकर काम करना है और मतदाता सूची की शत प्रतिशत शुद्ध कराना है राजनैतिक दलों और प्रशासनिक टीम ने मिलकर एसआईआर में बहुत अच्छा काम किया है, इसका परिणाम यह है कि अन्य जिलों की अपेक्षा हमारे यहां अन्मेप्ड मतदाताओं की संख्या कम है। इसलिए यहां नोटिस दिए जाने की संख्या भी बहुत कम है। उन्होंने राजनैतिक दलों से अपील की कि स्थानीय होने के नाते उन्हें मतदाताओं के बारे में अधिक जानकारी है, ऐसे में वे मृतक व शिफ्टेड मतदाताओं की मैपिंग में प्रशासनिक टीम का सहयोग करें, आगामी 31 जनवरी व 1 फरवरी को पुनः विशेष बूथ दिवस आयोजित किया जाएगा, इसमें अपने अपने बीएलए के माध्यम से बीएलओ को मृतक व शिफ्टेड मतदाताओं का सही डेटा उपलब्ध करा दें।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद के 12 पास बच्चों का डेटा तैयार कर सभी के फार्म 6 भरवा दें, इसके साथ ही शहरी क्षेत्र में वार्डवार मृतक मतदाताओं की सूची राजनैतिक दलों के सहयोग से तैयार कर उसे एएसडी सूची के मिलान करके डिलीशन की कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद समय समय पर राजनैतिक दलों के साथ बैठकें आयोजित कर एसआईआर का डेटा उपलब्ध कराया गया है और उनसे सुझाव एवं आपत्तियां मांगी गई हैं। अभी भी अगर कोई त्रुटि रह गई हो तो उपलब्ध करा दें, संबंधित फार्म भरवाकर उसे सुधार लिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि निर्वाचन आयोग के ऑनलाइन पोर्टल और वोटर हेल्पलाइन हेल्प के माध्यम से मतदाता स्वयं अपना फार्म भर सकते हैं। बैठक में राजनैतिक दलों से उनके सुझाव व आपत्तियों के बारे में पूछा गया, जिस पर अवगत कराया गया कि विकास खण्ड बिरधा के ग्राम कल्यानपुरा में नाले पर पुलिया न होने के कारण पत्थर लगाकर निकलना पड़ता है, बच्चे व बुजुर्गों के लिए खतरा अधिक होता है, इस पर जिलाधिकारी ने तत्काल दूरभाष पर खण्ड विकास अधिकारी को नाले पर पुलिया निर्माण कराये जाने के निर्देश दिये। राजनैतिक दलों ने यह भी सुझाव दिया कि सहरिया बाहुल्य ग्रामों में अधिकारियों की टीम भेजकर वहां मतदाता जागरुकता अभियान चलाया जाए, जिस पर उप जिलाधिकारियों व खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि ऐसे ग्रामों का चिन्हीकरण कर वहां मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कराये जायें और फार्म 6, 7 व 8 के सम्बंध में आवश्यक कार्यवाही की जाए। बैठक में एडीएम, सहायक निर्वाचन अधिकारी, डीआईओ के अलावा राजनैतिक दलों के श्रीकान्त, सुरेन्द्र, आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड., बसपा से अनेक सिंह, रामकिशन बैजनाथ, भाजपा से बंशीधर श्रीवास आदि रहे मौजूद।

---

बार काउंसिल चुनाव को लेकर जिला बार के पूर्व महामंत्री की उपस्थिति में हुई बैठक

# अधिवक्ताओं को वितरित की गईं विधि पुस्तकें और कैलेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तालबेहट (ललितपुर)

तहसील तालबेहट के अधिवक्ता संघ के लिए आज का दिन शैक्षणिक और रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा। उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के उपाध्यक्ष अनुराग पाण्डेय द्वारा भेजी गई कानून की नवीनतम पुस्तकें और वर्ष 2026 के कैलेंडर आज तालबेहट तहसील के अधिवक्ताओं को वितरित किए गए। सामग्री वितरण का यह कार्यक्रम जिला बार एसोसिएशन ललितपुर के पूर्व महामंत्री महेंद्र जैन झब्बू के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ।

अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए तालबेहट बार संघ के अध्यक्ष बाबूलाल नरवरिया ने कहा कि कानून की नई किताबों से युवा और वरिष्ठ दोनों ही अधिवक्ताओं को कानूनी बारीकियों को समझने और न्यायालय में प्रभावी पैरवी करने में मदद मिलेगी। उपाध्यक्ष अनुराग पाण्डेय के इस कदम की सराहना करते हुए उन्होंने इसे अधिवक्ता हित में एक सराहनीय प्रयास बताया। वितरण समारोह के बाद अधिवक्ताओं ने एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। बैठक का मुख्य केन्द्र 27 और 28 जनवरी को जनपद ललितपुर में होने वाले उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के सदस्यों के चुनाव रहे। चुनावों की तैयारी और अधिवक्ताओं की एकजुटता को लेकर गहन मंथन किया गया। उपस्थित सदस्यों ने चुनाव के सफल क्रियान्वयन और मतदान प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने पर अपने विचार साझा किए। इस दौरान तहसील तालबेहट बार संघ अध्यक्ष बाबूलाल नरवरिया, अजय उपाध्याय, गजेंद्र नायक, प्रदीप अगरिया, हरिराम श्रीवास, लक्ष्मण श्रीवास, रामगोपाल झां, शैलेन्द्र त्रिपाठी, मनोहर शर्मा, कपिल पुरोहित, मनीष पुरोहित, एड.पुष्पेन्द्र सिंह चौहान, रविन्द्र घोष, कमलेश लोधी, आकाश झा अधिवक्ताओं ने इस आयोजन को आपसी भाईचारे और पेशेवर विकास के लिए एक सकारात्मक मंच बताया।




---

अतिशय क्षेत्र सेरोन देवगढ जहाजपुर में पंचकल्याणक महामहोत्सव सुनिश्चित

# सुधासागर महाराज के सानिध्य में उमड़ेगा श्रद्धा का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जैन समाज का महत्वपूर्ण महामहोत्सव श्रीमजिनेन्द्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव ललितपुर जिले के अतिशय क्षेत्र सतोदय तीर्थ सेरोन, देवोदय तीर्थ देवगढ़ एवं शान्तोदय तीर्थ चांदपुर जहाजपुर में तीर्थ चक्रवर्ती निर्यापक मुनि सुधासागर महराज के सानिध्य में आयोजित किया जाना सुनिश्चित हुआ। जिसको लेकर जैन समाज उत्साहित है और आयोजन की सफलता हेतु दिगम्बर जैन समाज पंचायत समिति ललितपुर ने स्वंयसेवी संस्थाओं के साथ रणनीति बनाई।



प्रतिष्ठाचार्य बालब्रह्मचारी प्रदीप जैन सुयश के अनुसार ललितपुर जिले में तीर्थचक्रवर्ती निर्यापक मुनि सुधासागर महाराज के सानिध्य में सतोदय तीर्थसेरोन में 4मार्च से 8 मार्च 26 तक, देवोदय तीर्थ देवगढ़ में 28 मार्च से 2 अप्रेल 26 एवं शान्तोदय तीर्थ चांदपुर जहाजपुर में अप्रैल माह 2026 में पंचकल्याणक महोत्सव होगा। प्रतिष्ठा महोत्सव में तीनों क्षेत्रों में मूलनायक भगवान शन्तिनाथ के अतिरिक्त अनेक प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठित की जाएगी। उक्त आयोजन को लेकर जैन समाज काफी समय से प्रतीक्षारत रही और निरंतर महाराज श्री से आयोजन के लिए निवेदन करती रही। ललितपुर जनपद के निकवर्ती क्षेत्र तीर्थोदय तीर्थ गोलाकोट में विरजित निर्यापक श्रमण मुनि सुधासागर महराज के सम्मुख जैन समाज के श्रेष्ठजनों एवं दिगम्बर जैन पंचायत के पदाधिकारियों ने निवेदन किया जिसकी स्वीकृति मिलते ही समाज में उत्साह की लहर दौड़ गई।

आयोजन को लेकर सावरकर चौक स्थित जैन अटामंदिर के सभागार में महत्वपूर्ण बैठक जैन पंचायत अध्यक्ष डॉ अक्षय टड़या की अध्यक्ष एवं समाजा श्रेष्ठी शीलचन्द अनोरा के मुख्यतिष्य सम्पन हुई और ललितपुर जिले में निर्यापक श्रमण मुनि सुधासागर महाराज के आगमन एवं उनके सानिध्य में आयोजित होने वाले पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव की व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। जिसमें प्रमुख रूप से देवोदय तीर्थ के अध्यक्ष अनिल जैन अंचल संजीव जैन सीए सतीश जैन बजाज, मनोज जैन बबीना, अरविन्द जैन आष्टीकल्स, धन्यकुमार जैन एड, भूपेन्द्र जैन सिद्धि समूह, अखिलेश गदयाना, रवि जैन चुनगी आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर प्रमुख रूप से स्वतन्त्र मोदी, सुरेश बाबू जैन,विजय जैन लागोन, संजय मोदी, संजीव जैन ममता स्पोर्ट, आनंद जैन एलआईसी, सनत जैन खजुरिया, सौरभ जैन सीए, प्रमात जैन लागीन, अजय जैन जखोरा, अनिल जैन डोगरा, राजेश जैन चन्द्रा सिधेश्वर जमोरिया आदि मौजूद रहे। सभा का संचालन महामंत्री आकाश जैन द्वारा किया गया। मीडिया प्रभारी अक्षय अलया के अनुसार निर्यापक श्रमण मुनि सुधासागर महाराज के आशीर्वाद से उद्‌घारित ललितपुर जनपद के प्रमुख तीर्थक्षेत्र मूर्तिकला की धरोहर अतिशय क्षेत्र देवगढ, सतोदय तीर्थ सेरोन, शान्तोदय तीर्थ चांदपुर जहाज में मूलनायक भगवान शान्तिनाथ की प्रतिष्ठ अपने आप में जहां सातिशयकारी है वहीं क्षेत्र के विकास की संभावनाए बलवती हो गई है।

---

## सीनियर सिटीजन हेल्पलाइन नंबर भारत सरकार ने किया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



सीनियर सिटीजन संघ के महासचिव गिरजा शंकर द्विवेदी जी ने ने सभी सीनियर सिटीजंस के लिए इस खुशी का इजहार किया। कि भारत सरकार ने सीनियर सिटीजन हेल्पलाइन फ़ोन नंबर 14567 शुरू किया है (बस बिना किसी एरिया कोड या प्रीफ़िक्स के सीधे नंबर डायल करें)। मैंने इस फ़ोन पर चेक किया और एक महिला के जवाब से मैं बहुत खुश हुआ। यह सेंटर सुबह 8 बजे से रात 8 बजे के बीच सीनियर सिटीजन को ज़रूरत के हिसाब से कोई भी मदद/सपोर्ट देता है। कोई भी सीनियर सिटीजन की परेशानी, मेडिकल मदद की ज़रूरत, या उत्पीड़न से सुरक्षा, आस-पास के वैक्सीनेशन सेंटर वगैरह के बारे में बता सकता है।

कृपया ध्यान दें कि यह सेवा केवल सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक उपलब्ध है और यह सेवा हर राज्य में उपलब्ध है। क्या आप कृपया यह मैसेज अपने सर्कल (दोस्तों, रिश्तेदारों, पड़ोसियों) के सभी सीनियर सिटीजन को भेजेंगे? यह भारत सरकार की एक बहुत अच्छी पहल है और इससे निश्चित रूप से उन सीनियर सिटीजन को फ़ायदा होगा जिन्हें मदद की ज़रूरत है।


### जोरशोर से आरंभ हुई कार्रवाई अब थमी, खुलेआम उपयोग हो रही अमानक पॉलीथिन

# 10 दिन में टांय-टांय फिस्स हुआ पॉलीथिन मुक्त राजगढ़ अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

करीब दो हफ्ते पहले स्थानीय पाटन रोड स्थित टैचिंग ग्राउण्ड में भीषण ठंड और पॉलीथीन इत्यादि के सेवन से एक दर्जन से अधिक गायों की मौत का मामला सामने आया था। गौ-सेवकों द्वारा एक गाय के ईलाज के दौरान गौमाता के पेट से निकली कईं किलो पॉलीथीन का वीडिया वायरल होने के बाद प्रशासन और नगर पालिका ने अपनी किरकिरी होते देख आनन-फानन में उसी दिन पॉलीथीन मुक्त राजगढ़ अभियान का आगाज कर दिया।

अभियान के तहत शुरूआती तीन दिनों तक नगर पालिका ने कईं बार शहर में मुनादियां करवाते हुए दुकानदारों को अमानक पॉलीथीन का इस्तेमाल करने पर जुर्माने की चेतावनियां देनी शुरू की। इसके साथ ही आमजनों से भी अपील की गई कि वे इस अभियान में नपा और प्रशासन का सहयोग करते हुए 40 माईक्रॉन से कम गुणवत्ता वाली पॉलीथीन का उपयोग बंद कर दें। लेकिन, हमेंशा की तरह शुरूआत में पूरी ऊर्जा के साथ शुरू किया गया नपा का यह अभियान दो हफ्ते बाद ही लगभग थम सा गया है। नगर की अमूमन सभी दुकानों पर



पहले की ही तरह दुकानदारों द्वारा निर्धारित मापदंड से कम गुणवत्ता वाली पॉलीथीन में सामान बेचना शुरू कर दिया गया है।

### पहले हफ्ते की गई दुकानदारों पर कार्रवाई

अभियान की शुरूआत के पहले हफ्ते में नगर के मेन मार्केट सहित साप्ताहिक हाट-बाजार में कईं दुकानदारों व प्रतिष्ठान संचालकों से नपा की टीम ने अमानक पॉलीथीन जब्ती की कार्यवाही शुरू की। नगर पालिका की कुछ टीमें इसी काम में लगा दी गई थीं। हिदायत और कार्यवाही का असर इतना था कि दुकानदारों ने कुछ दिनों तक पॉलीथीन रखना ही बंद कर दिया। लेकिन, अभियान की शुरूआत के एक हफ्ते बाद ही अब हालात फिर से पुराने ढर्रे पर लौट चुके हैं। स्थानीय लोगों एवं गौसेवकों का कहना है कि अगर नगर पालिका शुरूआत में उठाए गए अपने सख्त लहजे के तहत ही कार्यवाहियां करती रहती तो यह अभियान कुछ हद तक सार्थक हो पाता।

### अनेक स्थानों से भेजे जा रहे फोटो व वीडियो

पॉलीथीन का सेवन करते गौवंश और यहां-वहां फेंकी जा रही अमानक पॉलीथीन के फोटो और वीडियो सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफाम्र्स पर नजर आ रहे हैं। रहवासियों का कहना है कि नगर पालिका ने जिस सख्ती के साथ इस अभियान की शुरूआत की थी अगर उसी लहजे में अनवरत कार्यवाहियां होती रहती तो यह अभियान सफल कहा जा सकता था।

### बड़े कारोबारियों तक नहीं पहुंच पाई पुलिस

अमानक पॉलीथीन के उपयोग पर सख्त कार्यवाही करने एसडीएम द्वारा भी सख्त निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद छोटे दुकानदारों के यहां से पॉलीथीन जब्त करने की कार्यवाही के अलावा पॉलीथीन के थोक विक्रेताओं के यहां किसी तरह की कोई कार्यवाही देखने नहीं मिली।

# समाधान कैंपों में नदारद कर्मियों को सस्पेंड करने के कलेक्टर के निर्देश

### समय सीमा बैठक में संकल्प से समाधान कार्यक्रम की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में इन दिनों 'संकल्प से समाधान' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत विभिन्न स्थानों पर कैंप लगाए जा रहे हैं लेकिन कुछ कर्मचारी अभियान में रुचि न लेते हुए ड्यूटी स्थल ही नहीं पहुंच रहे हैं। यह जानकारी कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा को मिलने पर उन्होंने ऐसे सभी लापरवाह कर्मचारियों को निलंबित करने के निर्देश कल आयोजित समय-सीमा बैठक में अधीनस्थ अधिकारियों को प्रदान किए।

बैठक में सीएम हेल्पलाइन में निम्न प्रदर्शन पर कुरावर मंडी सचिव का स्पष्टीकरण असंतोषजनक पाए जाने पर उनका 3 दिवस का वेतन काटने के निर्देश कलेक्टर ने प्रदान किए। सीएम हेल्पलाइनों पर दर्ज शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण न करने पर जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को नोटिस जारी किया गया वहीं संबंधित सीएम हेल्पलाइन प्रकरण में भूमि अर्जन की जांच के भी निर्देश दिए गए। बैठक में मंडी ब्यावरा के लिपिक की वेतनवृद्धि रोकने तथा मंडी सचिव की वेतनवृद्धि रोकने का प्रस्ताव आयुक्त को भेजने के निर्देश दिए गए। संकल्प से समाधान कैंपों में जनप्रतिनिधियों को सक्रिय रूप से आमंत्रित करने तथा नोडल अधिकारी की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### अगली बैठक में भी होगी समीक्षा

अगली समय सीमा बैठक में राजस्व, जल संसाधन एवं किसान कल्याण विभाग की 10-10 शिकायतों की समीक्षा किए जाने के निर्देश कलेक्टर ने प्रदान किए। इसके साथ ही अनुसूचित जाति एवं जनजाति के जिन विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र के अभाव में छात्रवृत्ति नहीं मिल पाई है, उनके जाति प्रमाण पत्र शीघ्र बनाए जाने हेतु संबंधित एसडीएम को निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले, अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चैहान सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## खुजनेर से फलोदी माता खैराबाद तक पद यात्रा के लिए रवाना



**खुजनेर।** राजस्थान के खैराबाद धाम में मेड़तवाल समाज की कुलदेवी मां फलौदी के प्रकोटोत्सव बंसत पंचमी उत्सव में शामिल होने एवं देश एवं समाज की सुख समृद्धि के लिए पिछले नो साल से नगर के योगेश मेडतवाल रामगढ़ वाले खैराबाद तक पैदल यात्रा कर रहे है इस वर्ष भी योगेश मेडतवाल की नौवी यात्रा है सोमवार को सुबह 10 बजे से श्री साँवलिया सेठ मंदिर चैक से पद यात्रा शुरू की जो पुराना बस स्टैंड, राजगढ़ चोराहा बस स्टैंड होते हुऐ संडावता के लिए रवाना हुए नगर में समाजजन द्वारा जगह जगह फुलमाला से स्वागत कर यात्रा के लिए रवाना वहीं योगेश पिछले नो सालों से खैराबाद के लिए पैदल यात्रा कर रहा हूं यहां मेरी नौवी पैदल यात्रा जो में खुजनेर से खैराबाद धाम तक 160 किमी तय कर फलौदी धाम पहुंचेगी।

## क्षत्रिय राजपूत विकास संगठन ने 320 प्रतिभाओं का किया सम्मान



**सारंगपुर।** समाज की वास्तविक शक्ति उसकी एकता, संस्कार और उभरती प्रतिभाओं में निहित होती है। इसी उद्देश्य को साकार करते हुए क्षत्रिय राजपूत विकास संगठन के तत्वाधान में ग्राम ग्वाड़ा में एक ऐतिहासिक प्रतिभा सम्मान एवं मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

इस गरिमामय आयोजन में समाज के शिक्षा, खेल एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 320 प्रतिभावान छात्रदृछात्राओं एवं युवाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से समाज को संगठित कर नई दिशा देने का संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य मंत्री गौतम टेटवाल द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा राजपूत समाज का इतिहास शौर्य, बलिदान और राष्ट्रभक्ति से परिपूर्ण रहा है। आज की युवा पीढ़ी शिक्षा और खेल के क्षेत्र में जो उपलब्धियाँ प्राप्त कर रही है, वह समाज के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है।"उन्होंने युवाओं से अनुशासन, परिश्रम और राष्ट्रसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

# शासकीय भूमि पर धड़ल्ले से अवैध निर्माण, प्रशासन बना मूकदर्शक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

तलेनी बड़ली क्षेत्र में शासन की नाक के नीचे शासकीय भूमि पर खुलेआम अवैध रूप से मकानों एवं बड़ी-बड़ी इमारतों का निर्माण किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि यह पूरा मामला राजस्व विभाग से जुड़ा होने के बावजूद अब तक किसी भी स्तर पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त भूमि पूर्व में राजस्व कर्मचारियों को भवन निर्माण के उद्देश्य से पट्टे पर दी गई थी। इनमें से कुछ कर्मचारियों ने स्वयं मकान निर्माण कराया, लेकिन कई कर्मचारियों ने शासन की अनुमति लिए बिना ही यह पट्टे ऊंचे मुनाफे के लालच में अन्य लोगों को बेच दिए। स्थिति यह है कि इन भूखंडों की न तो वैध रजिस्ट्री है और न ही नगर अथवा ग्राम पंचायत से किसी प्रकार की निर्माण अनुमति ली गई है, इसके बावजूद निर्माण कार्य लगातार जारी है। कई स्थानों पर भवन लगभग तैयार हो चुके हैं, वहीं कुछ अन्य भूखंडों पर जल्द ही नए मकानों का निर्माण प्रारंभ होने की तैयारी है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि पूरा मामला प्रशासनिक जानकारी में होने के बावजूद राजस्व एवं संबंधित विभाग आंख मूंदकर बैठे हुए हैं, जिससे अवैध



निर्माण करने वालों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। अब क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर अवैध निर्माण तत्काल रोके जाएं, दोषी कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई हो तथा शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की मनमानी पर अंकुश लगाया जा सके।

**इनका कहना हैं**

अगर ऐसा है तो जानकारी लेकर कार्यवाही की जाएगी।
अजय सैंगर, पटवारी, तारागंज तलेनी

## संगठन सृजन अभियान के तहत सारंगपुर में कांग्रेस वार्ड कमेटियों का हुआ गठन




**सारंगपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एवं जिलाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह की सहमति से संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत रविवार को ब्लॉक व शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में वार्ड क्रमांक 1 से 10 तक कांग्रेस की वार्ड कमेटियों का गठन किया गया। जिसमें अंसारी जमातखाना अमनखेल तथा गार्डन परिसर में आयोजित बैठकों में विधानसभा प्रभारी लोकेंद्र सिंह आरोलिया, ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी, शहर अध्यक्ष आबिद हुसैन लोदी सहित वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में आम सहमति से वार्ड अध्यक्षों की नियुक्ति की गई। वार्ड क्रमांक 1 से 3 तथा 4, 5, 6, 9 व 10 में अध्यक्ष नियुक्त कर कार्यकारिणी गठित की गई। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि वार्ड कमेटियों के गठन से कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी और आमजन की समस्याएं प्रभावी रूप से उठाई जा सकेंगी। कार्यक्रम के अंत में नव नियुक्त पदाधिकारियों को संगठनात्मक दायित्वों की जानकारी दी गई।इस दौरान प्रदीप सदानी,शफीक अंसारी, निजाम कुरैशी सहित कांग्रेसी मौजूद थे।

## शासकीय सांदीपनि विद्यालय में युवा जागृत मंच कार्यक्रम का आयोजन



**जीरापुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई के द्वारा शासकीय सांदीपनि विद्यालय युवा जागृत मंच कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुरुआत में अतिथियों ने मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया। मुख्य वक्ता उमा वैष्णव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति बताया है उनका जीवन हमें संदेश देता है कि जब युवा जागृत होता है तभी राष्ट्र प्रगति करता है नगर मंत्री नरेंद्र सोंधिया ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सदैव छात्रहित, राष्ट्रहित और समाजहित्त को केंद्र में रखकर युवाओं को संगठन सेवा और संस्कार से जोड़ने का कार्य कर रही है। अविनाश व्यास ने आभार एवं संचालन पूजा पवांर ने प्राचार्य कैलाश शर्मा, अर्जुन दांगी, रामेश्वर पवांर दीपक सोनगरा, निशा मालाकार, स्कूल स्टाफ, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## कराते चैंपिशनशिप में जिले के खिलाड़ियों ने जीते गोल्ड मेडल




**राजगढ़।** गत दिवस देवास में आयोजित भारत रतन राष्ट्रीय कराते चैंपियनशिप में जिले के खिलाड़ियों ने विभिन्न आयुवर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कराते संघ के सचिव अक्षय शर्मा ने बताया कि अंडर-15 कैडेगरी में दिशा पुत्री प्रकाश महावर, अंडर-18 कैटेगरी में भूमिका पुत्री दिलीप कुशवाह, बसंत पिता हेमराज विश्वकर्मा, घनश्याम पिता राजेश कुशवाह ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इसी तरह अन्य कैटेगरीज में धुरव पिता गजेंद्र शर्मा, शौर्य पिता प्रकाश महावर ने ब्रांच मेडल प्राप्त किए। इन खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर क्रीडा भारती एवं कराते संघ पदाधिकारी कंचन सोनी, सचिन शर्मा, सुनील जाटव, विक्रम गुर्जर, सुनील बाफना, रणजीत अटकवार, नरेंद्र खिंची, गौरव अग्रवाल, सुभाष जंगले, इंद्रनारायण श्रीवास सहित गणमान्य नागरिकों ने शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।



## ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान का महाविद्यालय में हुआ आयोजन

**जीरापुर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा शासकीय महाविद्यालय सभागृह में ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता शिक्षक रजनीश भावसार एवं विशेष अतिथि हार्टफूलनेस प्रशिक्षित वीरेंद्र कुमार मीणा प्रबंधक बैंक ऑफ इंडिया छापीहेड़ा, प्राचार्य हिमांशु चास्टा, विकासखंड समन्वयक बीरम सिंह परमार ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलित किया। प्रतिभागियों को शासकीय योजना अंतर्गत उद्यमी को लोन के बारे में जानकारी दी। स्वदेशी एवं आत्मनिर्भर भारत पर विचार रखे दैनिक जीवन में जिन वस्तुओं का उपयोग करते हैं वह स्वदेशी हो विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार कर भारत को आत्मनिर्भर भारत बनाने में अपना सहयोग दें।

## एनएसयूआई की कार्यकारिणी गठित

**ब्यावरा।** विधानसभा के अंतर्गत सोमवार को मलावर हाई स्कूल में एनएययूआई विधानसभा अध्यक्ष ईश्वर गुर्जर के निर्देशानुसार गादिया ब्लॉक अध्यक्ष अंकित पंवार द्वारा एनएययूआई की कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान अभिषेक गुर्जर को अध्यक्ष, विशाल नागर को उपाध्यक्ष, सुमित यादव को उपाध्यक्ष, सुमित गुर्जर को महासचिव, अरविंद लववंशी को सचिव तथा गोविंद गुर्जर को प्रभारी पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एनएययूआई विधानसभा अध्यक्ष ईश्वर गुर्जर ने बताया कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मलावर के मुख्य गेट के बाहर कई दिनों से कचरा जमा है, जिससे विद्यालय की स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित हो रही है और विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या को लेकर एनएययूआई द्वारा विद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र सफाई कराने की मांग की गई है। एनएययूआई ने प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 4 दिनों के भीतर कचरे का उचित निस्तारण नहीं किया गया, तो संगठन द्वारा शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## विराट हिंदू सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब

### कलश यात्रा, पूजन, कार्यक्रम व सहभोज से आयोजन संपन्न



**जीरापुर।** विराट हिंदू सम्मेलन अनुशासित एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर रामलीला चौक से कलश शोभायात्रा यात्रा निकाली गईं, जो नगर के चोपड़ा बाजार बुधवारिया बाजार जवाहर चौक इंदर चौराहा आवास कॉलोनी छापेड़ा नाका होते हुए नवीन हाट बाजार तालाब परिसर पर पहुंची। कलश यात्रा में मातृशक्ति, युवा एवं सर्वहिन्दू समाज जन बड़ी संख्या में सहभागिता रही। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता पूजन के साथ विधि-विधानपूर्वक किया गया।

मुख्य वक्ता मंडलेश्वर अन्नपूर्णा गिरी साध्वी वर्षा ने अपने उद्बोधन से आयोजित सांस्कृतिक एवं वातावरण को भक्तिमय एवं राष्ट्रभाव से ओतप्रोत कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह प्रचारक हेमन्त सेठिया का प्रेरणादायी उद्बोधन प्राप्त हुआ। उन्होंने हिंदू समाज की एकता,विराट ,हिन्दू संगठन और समरसता पर विशेष बल देते हुए संघ के पंच परिवर्तन सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी एवं नागरिक कर्तव्यों के विषय में विस्तार से मार्गदर्शन दिया। वहीं भण्डावद आश्रम के रामानंद शास्त्री संत ने भगवान श्रीराम के आदर्शों एवं विचारों को जीवन में उतारने का आह्वान किया तथा कहा कि श्रीराम के चरित्र से ही समाज को दिशा प्राप्त होती है। कार्यक्रम में प्रत्येक ग्राम के दे पांड एवं संत समाज की गरिमामयी उपस्थिति मंच पर रही, जिससे आयोजन की धार्मिक एवं सांस्कृतिक गरिमा और अधिक क बढ़ी। शोभा यात्रा में जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया कार्यक्रम के समापन अवसर पर भारत माता की भव्य आरती संपन्न हुई, जिसमें उपस्थित जनसमूह ने राष्ट्रभक्ति भाव के साथ सहभागिता की। इसके पश्चात सभी उपस्थित जनों ने सहभोज मे शामिल होकर सामाजिक समरसता का परिचय दिया। विराट हिंदू सम्मेलन ने नगर क्षेत्र में सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक संगठन एवं राष्ट्रभावना को नई ऊर्जा प्रदान की।

### अधिकारियों को सख्त निर्देश, लापरवाही पर की जाएगी कार्रवाई

# पेयजल व्यवस्था को लेकर मंत्री पंवार ने की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

विधानसभा क्षेत्र के नगरीय एवं ग्रामीण इलाकों में पेयजल आपूर्ति की वर्तमान स्थिति की समीक्षा को लेकर मंत्री नारायण सिंह पंवार ने सोमवार को संबंधित अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि आमजन को स्वच्छ, पर्याप्त एवं नियमित पेयजल उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंत्री पंवार ने नगरीय पेयजल व्यवस्था को अनिवार्य रूप से दुरुस्त करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी फिल्टर प्लांट तत्काल चालू कर नागरिकों को शुद्ध पेयजल प्रदाय सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने नगर की नालियों की नियमित सफाई हेतु विशेष अभियान चलाने, सड़कों पर गंदा पानी दिखाई न दे, इसके लिए ठोस कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सभी ट्यूबवेल, टंकियों एवं वाटर प्लांट की



नियमित सफाई सुनिश्चित करने तथा समय पर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। साथ ही एसडीएम दुबे एवं नगर पालिका को ब्यावरा एवं सुठालिया क्षेत्र में दूषित पानी की शिकायतों की सतत मॉनिटरिंग कर त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अवैध नल कनेक्शन एवं पेयजल लाइनों से तोड़फोड़ करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। मंत्री पंवार ने जल निगम को ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित परियोजनाओं के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने को कहा। विशेष रूप से पहाड़गढ़, बांकपुरा (कुशलपुरा)परियोजना के अंतर्गत ग्रामों का क्लस्टर बनाकर पेयजल स्थिति का निरीक्षण करने तथा ग्रामीण जनों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मंत्री पंवार ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निर्देशों का कड़ाई से पालन हो और आमजन को किसी भी प्रकार की पेयजल समस्या का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, एसडीएम गोविंद कुमार दुबे, जनपद सीईओ आर. के. मंडल, ब्यावरा नगर पालिका सीएमओ इकरार अहमद, सुठालिया नगर परिषद सीएमओ रईस खान सहित नगर पालिका, जल निगम एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।